वर्ष-17 अंक-04 | प्रत्येक गुरुवार प्रकाशित | 26 जनवरी 2025 विशेषांक | मूल्य 2.00 पृष्ठ-8 | epaper www.fatwasamachar.com

**एजेंसी देना है**

फतवा समाचार पत्र में विज्ञापन समाचार एजेंसी हेतु संपर्क करें

**मो. 9893798715**

अनूपपुर, 23 जनवरी से 30 जनवरी 2025

RNI-MPHIN/2008/24599

# फतवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार पत्र

आपका विश्वास

**सुविचार**

दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती। जो दोगे वही लौटकर आएगा। फिर चाहे वह इज़्ज़त हो या धोखा।

## न्यूज ब्रीफ

### मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा भारत लाया जाएगा



नई दिल्ली। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई हमले के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने मामले में उसकी दोषसिद्धि के खिलाफ समीक्षा याचिका खारिज कर दी है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई बिजनेसमेन तहव्वुर राणा पर भारत में 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में प्रमुख भूमिका निभाने का आरोप है। भारत ने अमेरिका की एजेंसी के साथ डीटेल्स शेयर की थी, जो लोवर कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में रखी गई। भारत के इस सबूत को कोर्ट ने स्वीकार किया। भारत द्वारा दिए गए दस्तावेज में 26/11 हमलें तहव्वुर के रोल का जिक्र किया गया था।भारत, राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा था, क्योंकि वह 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में वॉन्टेड था।

### ताहिर हुसैन की जमानत पर 28 को सुनवाई



नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच 28 जनवरी को पूर्व पार्षद और फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई करेगी। याचिका में राजधानी में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की गई है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र का तीसरा चरण



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार को संकल्प पत्र को जारी किया। भाजपा ने तीन चरणों में अपना संकल्प पत्र किया है। जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के तीसरा भाग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया है। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आज दिल्ली 2025 विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का अंतिम हिस्सा जारी करने के लिए मैं आप सबके सामने उपस्थित हुआ हूं। जैसे कि भाजपा की परंपरा है, हम चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं, चुनाव को जनसंपर्क का माध्यम भी मानते हैं। और चुनावों के माध्यम से बनने वाली सरकारों के नीति निर्धारण को निश्चित करने के लिए हम जनता के बीच जाकर चुनाव में भाजपा से उनकी क्या अपेक्षा है, ये जानकारी भी एकत्र करते हैं।

### मप्र सहित 5 राज्यों में फिटजी कोचिंग बंद



नई दिल्ली/भोपाल। मप्र, दिल्ली-एनसीआर समेत देश के 5 राज्यों में कोचिंग इंस्टीट्यूट फिटजी ने अपने एग्जाम सेंटर अचानक बंद कर दिए हैं। कोचिंग सेंटर में पढने वाले सैकड़ों स्टूडेंट्स और उनके पेरेंट्स की मुश्किलें बढ़ गई हैं। फिटजी, जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम यानी आईआईटी-जेईई एग्जाम की तैयारी कराने वाला एक जाना माना इंस्टीट्यूट है। जिन शहरों में ये सेंटर बंद हुए हैं, वहां पेरेंट्स के पहुंचने से पहले ही संचालक ताला लगाकर भाग चुके थे। कई पेरेंट्स का कहना है कि वो लाखों की एडवांस फीस जमा कर चुके हैं। बावजूद इसके, बिना किसी अर्ली नोटिस के कोचिंग संस्थान ताला लटकाकर भाग गए।

फिटजी के इन कोचिंग सेंटर्स में मेरठ में 400 स्टूडेंट्स, नोएडा में 2000 स्टूडेंट्स, भोपाल में 700 स्टूडेंट्स, पटना में 200 स्टूडेंट्स पढ़ रहे थे। 1992 में आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र डीके गोयल ने फिटजी की शुरुआत की थी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी सुश्री मीणा को बधाई

# राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने स्वीप गतिविधियों के लिये झाबुआ कलेक्टर सुश्री नेहा मीणा को किया सम्मानित

**संवाददता ➤ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने झाबुआ कलेक्टर सुश्री नेहा मीणा को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड 2024-25 से सम्मानित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सुश्री मीणा को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवार्ड 2024-25 से सम्मानित किया गया।राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने झाबुआ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नेहा मीणा को स्वीप गतिविधियों के सफल संचालन के लिए वर्ष 2024-25 के लिए बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड से सम्मानित किया। सुश्री मीणा ने झाबुआ जिले में भगोरिया उत्सव की पारंपरिक परिधान पहने शुभंकर युगल 'चुनावी काका - चुनावी काकी' का उपयोग कर स्वीप अभियान चलाया। इससे मतदाता जागरूकता को बढ़ावा मिला। दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त श्री राजीव कुमार और केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि



राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु द्वारा झाबुआ कलेक्टर सुश्री नेहा मीना को सम्मान प्रदान करना मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए अनुकरणीय नवाचार किए हैं , जो लोकतंत्र के सतत् विकास और उसकी समृद्धि के प्रयासों को एक नई दिशा प्रदान करता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में सम्मानित देश के सभी प्रतिभागी भी उनके उत्कृष्ट योगदान और सम्मान के लिए बधाई के पात्र हैं।

## लोकरंग महोत्सव 26 जनवरी से रवींद्र भवन परिसर में

*भोपाल । संस्कृति विभाग की जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा गणतंत्र के 40वें लोकोत्सव 'लोकरंग' का आयोजन 26 से 30 जनवरी तक रवीन्द्र भवन परिसर, भोपाल में किया जा रहा है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल लोकरंग महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति रहेंगी। संचालक संस्कृति श्री एन.पी नामदेव ने बताया कि समारोह के पहले दिन 26 जनवरी, 2025 को शुभारंभ अवसर पर वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति दी जायेगी। इसके सूत्रधार ख्यात कलाकार श्री मुकेश तिवारी होंगे। साथ ही 27 से 29, जनवरी, 2025 दोपहर 02 बजे से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एवं प्रदर्शन भी किया जायेगा। समारोह में पारम्परिक नृत्य, गायन-वादन, शिल्प और व्यंजन मेला भी लगेगा। समारोह में करीब 300 से अधिक शास्त्रीय, लोक और जनजातीय पारम्परिक वाद्ययंत्रों को प्रदर्शित करती बहुवर्णी वाद्य प्रदर्शनी का भी संयोजन का जा रहा है। सोमवार 27 जनवरी को लोकरंग के 40 वर्षों की यात्रा का 40 वाद्यों की संगति में नाद समन्वित प्रस्तुति भी दी जायेगी, जिसका निर्देशन सितार वादिका सुश्री स्मिता नागदेव कर रही हैं। लोकवार्ता में संस्कृति विभाग के प्रकाशन, परम्परा में वाद्य विषयक संगोष्ठी भी आयोजित होगी। समारोह के अंतिम दिन 30 जनवरी को महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर माधवास रॉक बैंड, वृंदावन की भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगे। लोकराग% अंतर्गत 27 से 29, जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से आंचलिक गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। जिसमें 27 जनवरी को बघेली लोक गायन, 28 जनवरी को बुन्देली लोक गायन, 29 जनवरी को मालवी एवं निमाड़ी लोक गायन की प्रस्तुति होगी।*



## पद्म पुरस्कारों की घोषणाः 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री से सम्मानित

**नई दिल्ली ।** पद्म पुरस्कारों का ऐलान कर दिया गया है। 7 हस्तियो को पद्म विभूषण, 19 को पद्म भूषण और 113 को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्यों के लिए पद्म भूषण पुरस्कार की घोषणा की गई है । शारदा सिन्हा, ओसामु सुजुकी समेत 7 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है। वहीं पंकज उधास और सुशील मोदी समेत 19 हस्तियों को पद्म भूषण दिया जाएगा। पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएं हैं। इस सूची में 10 विदेशी और 13 मरणोपरांत पुरस्कार पाने वाले भी शामिल हैं।

कुवैत की योग साधिका शेखा ए जे अल सबा और उत्तराखंड के ट्रैवल ब्लॉगर दंपति ह्यूग और कोलीन गैंटजर को पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। नगालैंड के फल किसान एल हैंगथिंग, पुडुचेरी के वादक पी दत्चनमूर्ति को भी पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। मध्यप्रदेश की सामाजिक उद्यमी सैली होलकर, मराठी लेखक मारुति भुजंगराव चितमपल्ली को पद्मश्री देने की घोषणा की गई है। पद्मश्री सम्मान की सूची में शामिल महिला सशक्तीकरण की मुखर समर्थक 82 वर्षीय सैली होलकर ने लुप्त हो रही माहेश्वरी शिल्प कला को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पारंपरिक बुनाई तकनीकों में प्रशिक्षण देने के लिए मध्य प्रदेश के महेश्वर में हथकरघा स्कूल की स्थापना की।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मुर्मू ने किया देश को संबोधित कहा-

# संविधान हमारी सामूहिक अस्मिता का आधार

**एजेंसी ➤ नई दिल्ली**

76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। अपनी स्पीच की शुरुआत उन्होंने देश को बधाई देकर की। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है। किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है। भारत के बारे में



ऐसा नहीं कहा जा सकता है। इस काल खंड में भारत की चेतना जागी।

### राष्ट्रपति ने कहा

*इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति हैं। वे इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। 64 साल की मुर्मू ने साल 2022 देश में सबसे कम उम्र में राष्ट्रपति बनने का रिकॉर्ड भी बनाया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हमें उन वीरों को याद करना चाहिए जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। कुछ के नाम प्रसिद्ध हुए, तो कुछ को हाल ही में पहचान मिली।*

## आगामी वित्त वर्ष में घटेगा सरकारी खजाने पर बोझ

# 2025-26 में 10.4 प्रतिशत बढ़ेगा सकल कर संग्रह, सरकार को मिलेंगे 41 लाख करोड़

**एजेंसी ➤ नई दिल्ली**

अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 में सब्सिडी का कुल बोझ कम होकर लगभग 4 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। माना जा रहा है कि खाद्य सब्सिडी में बड़ी गिरावट आएगी और यह 2-2.1 लाख करोड़ रुपये के बीच रह सकती है। आयात लागत के निरंतर दबाव के कारण उर्वरक सब्सिडी 1.7-1.8 लाख करोड़ रह सकती है। यानी आर्थिक गतिविधियों में सुधार के कारण 2025-26 में भी कर संग्रह के रूप में सरकार की कमाई मजबूत बनी रहने की उम्मीद है। केयरएज रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा, अगले वित्त वर्ष में कर वसूली अच्छी रहेगी। सकल कर राजस्व 10.4 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 41.4 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकता है। बढ़ोतरी की यह रफ्तार




2025-26 के लिए अनुमानित 10.3 फीसदी की नॉमिनल जीडीपी वृद्धि से थोड़ा अधिक है। शुद्ध कर राजस्व के रूप में सरकार की झोली में 28.2 लाख करोड़ रुपये आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सकल कर संग्रह के अनुमान में वृद्धि राजकोषीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सतत आर्थिक सुधार और प्रभावी राजस्व उपायों के महत्व को रेखांकित करता है।

### रिपोर्ट में कहा गया

*आर्थिक वृद्धि में सुधार के कारण कॉरपोरेट कर संग्रह में भी एक साल पहले की तुलना में 11.4 फीसदी की बढ़ोतरी की उम्मीद है।जीएसटी वसूली 11.8 लाख करोड़ अप्रत्यक्ष कर वसूली के रूप में सरकार को 18.1 लाख करोड़ रुपये की कमाई हो सकती है, जो सालाना आधार पर 11.9 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। इसमें जीएसटी का योगदान 11.4 फीसदी बढ़कर 11.8 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकता है। खाद्य तेल पर उच्च टैरिफ के कारण सीमा शुल्क संग्रह में भी 20 फीसदी की मजबूत वृद्धि की संभावना है।*

## हमारा सहयोग और मजबूत होगा

# भारत-इंडोनेशिया के बीच कई क्षेत्रों में हुआ करार, पीएम मोदी बोले



**एजेंसी ➤ नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत पहुंच चुके हैं। गुरुवार की रात को वे नई दिल्ली पहुंचे। जहां एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री पावित्रा मार्गेरिटा ने उनका स्वागत किया। प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेने वाले इंडोनेशिया के चौथे राष्ट्रपति हैं। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की मौजूदगी में दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत और इंडोनेशिया के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति का स्वागत किया। उन्होंने कहा, भारत के पहले गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया मुख्य अतिथि देश था और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया एक बार फिर इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा है। मैं भारत में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो का स्वागत करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि 2018 में मेरी इंडोनेशिया यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाया। आज राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए हमने विनिर्माण और आपूर्ति में मिलकर काम करने का फैसला किया है। हमने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध और डी-रेडिकलाइजेशन में सहयोग पर भी जोर दिया।

## क्या ठाकरे गुट में फिर होगी फूट, बैठक में विधायकों और सांसदों के नहीं आने पर चर्चा जोरों पर

**मुंबई ।** शिवसेना-यूबीटी उद्धव ठाकरे में फिर दरार की आशंका उठने लगी है। खबर हैं कि शिवसेना-यूबीटी के कई नेता शिंदे गुट के साथ जुड़ने की तैयारी में हैं। अगर ऐसा होता हैं तब फिर ये उद्धव ठाकरे के लिए बहुत बड़ा झटका होगा। हालांकि उद्धव ठाकरे गुट का दावा है कि उनकी पार्टी का कोई भी नेता उन्हें छोड़कर नहीं जा रहा है। लेकिन ठाकरे गुट के दावे की पोल अभी हाल ही में खुल गई। दरअसल बाला साहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम से कई नेताओं, विधायकों और सांसदों नदराद रहे। इसके बाद ही शिवसेना-यूबीटी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस कार्यक्रम में पार्टी विधायक, दिलीप सोपल, राहुल पाटिल, बाबाजी काले के साथ-साथ सांसद संजय देशमुख, नागेश पाटिल अश्तिकार, बंधु जाधव, ओम राजे निंबालकार और संजय दीना पाटिल भी नहीं पहुंचे। इसके अलावा पूर्व विधायक राजन साल्वी और वैभव नाइक भी कार्यक्रम में नहीं थे।

संपादकीय

# आखिर कब समझेंगे हम गणतंत्र की मूल भावना?

प्रतिवर्ष की भांति एक और गणतंत्र दिवस हमारी चौखट पर दस्तक दे चुका है। इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रत्येक राष्ट्रप्रेमी के लिए यह गर्व का दिन है क्योंकि भारत ने देश की आजादी के बाद स्वयं का संविधान बनाकर 26 जनवरी 1950 के दिन इसे लागू कर इसी दिन प्रभुत्ता सम्पन्न सार्वभौमिक प्रजातंत्रात्मक गणराज्य बनने का गौरव हासिल किया था लेकिन कड़वा सच यह भी है कि तभी से प्रतिवर्ष 26 जनवरी का दिन गणतंत्र दिवस के रूप में मनाए जाने की रस्म अदायगी ही हो रही है। 26 जनवरी का दिन गणतंत्र दिवस के रूप मनाने की शुरूआत के पीछे मूल भावना यही थी कि देश का प्रत्येक नागरिक इस दिन संविधान की मर्यादा की रक्षा करने, स्वयं को देशसेवा में समर्पित करने तथा राष्ट्रीय हितों के प्रति आस्था का संकल्प ले, साथ ही इन पर अमल भी करे लेकिन विडम्बना है कि गौरवान्वित कर देने वाले इस विशेष अवसर पर ऐसे संकल्पों को प्रतिवर्ष दोहराकर या स्मरण मात्र करते हुए हम अपने कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों की इतिश्री कर लेते हैं। सही मायनों में गणतंत्र की मूल भावना को हमने आज तक समझा ही नहीं है। 'गणतंत्र' का अर्थ है शासन तंत्र में जनता की भागीदारी। हालांकि हम कह सकते हैं कि शासन तंत्र में जनता को पूर्ण भागीदारी मिली है किन्तु क्या यह वाकई पूर्ण सत्य है? देश का संविधान लागू होने के इन 75 वर्षों में भी क्या वास्तव में शासन तंत्र में जनता की भागीदारी सुनिश्चित हुई है? जनता को यह तो अधिकार है कि मतदान के जरिये वह अपना जनप्रतिनिधि चुने किन्तु एक बार संसद अथवा विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद अगले पांच वर्षों तक इन जनप्रतिनिधियों पर उसका क्या कोई अंकुश रह जाता है?
वास्तविकता यही है कि इसी प्रावधान का लाभ उठाते हुए राजनीतिक दल देश की जनता का चुनाव के समय महज एक वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल करते आए हैं और अपना मतलब निकलने पर जनप्रतिनिधियों पर जनता के दुख-दर्द के बजाय अपने लिए सुख-सुविधाओं का अंबार जुटाने की चिंता सवार हो जाती है और वे इसी कवायद में जुट जाते हैं कि येन-केन-प्रकारेण अगले चुनाव के लिए कैसे करोड़ों रुपयों का इंतजाम किया जाए। अहम सवाल यह है कि जिस राष्ट्र में जनता की भागीदारी चुनाव में सिर्फ वोट डालने और उसके बाद चुने हुए जनप्रतिनिधियों के आचरण से शर्मसार होकर आंसू बहाने तक ही सीमित रह गई हो, वहां 'गणतंत्र' का भला क्या महत्व रह गया है?

(एक नजर)

## एलन मस्क चीन की कंपनी के साथ कर सकते हैं समझौता ?

मेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ लेने के अगले दिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोजेक्ट को लॉन्च करने की घोषणा की। उसके लिए उन्होंने अमेरिका की तीन ऐसी कंपनियों को चुना, जो एआई के क्षेत्र में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकती हैं। डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से उनके कैबिनेट सहयोगी और समर्थक एलन मस्क भी ट्रंप से नाराज हो गए हैं। अमेरिका के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कितनी जरूरी है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चीन की सर्वोच्च प्राथमिकता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में चीन की कामयाबी दुनिया के देशों को हैरान कर रही है। चीन अभी इस मामले में पीछे था, लेकिन पिछले वर्ष उसने भी अपना सारा ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में लगा दिया है। अमेरिका ने पिछले वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में चीन की रफ्तार को धीमी करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए हैं।

विचार

# दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश

**ललित गर्ग**
लेखक



भारत हर वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाता है। यह दिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक मील का पत्थर है। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। यह पर्व न केवल भारत की स्वतंत्रता के महत्व को दर्शाता है, बल्कि यह भी याद दिलाता है, कि भारत अपने नागरिकों को न्याय, समानता, और स्वतंत्रता भारत के संविधान में मौलिक अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है।

गणतंत्र दिवस का ऐतिहासिक महत्व

15 अगस्त 1947 को भारत ने अंग्रेजी शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की। भारत के पास उस समय अपना संविधान नहीं था। अंग्रेज भारत में शासन के लिए भारतीय शासन अधिनियम, 1935 का उपयोग करते थे। स्वतंत्रता के बाद, एक संविधान सभा का गठन किया गया, जिसने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया। इसे आधिकारिक रूप से 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। यह दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1930 के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का संकल्प लेने की तिथि थी।

संविधान की विशेषताएं

भारत का संविधान दुनिया का सबसे विस्तृत लिखित संविधान है, जो सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय, मौलिक अधिकार प्रदान करता है। यह भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है। संविधान ने देश के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की नींव रखी और यह सुनिश्चित किया कि हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। पहली बार भारत में महिलाओं को मताधिकार एवं समानता के अधिकार मिले। गणतंत्र दिवस का समारोह गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नई दिल्ली के राजपथ (अब कर्तव्य पथ) पर होता है, जिसमें देश की सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक विविधता, और तकनीकी प्रगति का प्रदर्शन किया जाता है। इस समारोह में भारत के राष्ट्रपति राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं, परेड की सलामी लेते हैं। तीनों सेनाओं—थलसेना, वायुसेना और नौसेना—की टुकड़ियां अपने साहस और कौशल का प्रदर्शन करती हैं। इसके अलावा, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियां भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करती हैं।

*15 अगस्त 1947 को भारत ने अंग्रेजी शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की। भारत के पास उस समय अपना संविधान नहीं था। अंग्रेज भारत में शासन के लिए भारतीय शासन अधिनियम, 1935 का उपयोग करते थे। स्वतंत्रता के बाद, एक संविधान सभा का गठन किया गया, जिसने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया। इसे आधिकारिक रूप से 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। यह दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1930 के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का संकल्प लेने की तिथि थी।*

दिल्ली के अलावा, पूरे देश में भी इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। स्कूलों और कॉलेजों में झंडा वंदन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और देशभक्ति गीतों के जरिए संविधान एवं स्वतंत्रता का महत्व बच्चों और युवाओं को समझाया जाता है।

राष्ट्रीय एकता का प्रतीक

गणतंत्र दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व ही नहीं है, बल्कि यह दिन देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि भारत की विविधता ही भारत की ताकत है। अलग-अलग धर्म, भाषाएं, और संस्कृतियों के बावजूद, सभी भारतीयों को समान अधिकार है। यह हमारा कर्तव्य है, कि हम अपने संविधान के आदर्शों का पालन करें। अधिकार एवं कर्तव्यों का पालन कर श्रेष्ठ नागरिक बने।

गणतंत्र दिवस और हमारी जिम्मेदारियां

गणतंत्र दिवस हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास कराता है। हमारा संविधान हमें अधिकार तो देता है, वरन साथ-साथ यह भी याद दिलाता है कि कर्तव्यों का पालन करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यह दिन हमें भ्रष्टाचार, असमानता, और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करता है।

नए भारत की दिशा में कदम

आज का भारत तेज़ी से आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति कर रहा है। विज्ञान, तकनीकी, शिक्षा, और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में हम विश्वभर में भारतीय पहचान बना रहे हैं। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि देश का हर नागरिक विकास के इस सफर में जोश-खरोश के साथ चले।

गणतंत्र दिवस हमारे लिए केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि हमारी आजादी, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाने वाला दिन है। यह दिन हमें अपने पूर्वजों के बलिदान और संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है।

विचार

# .....कितना सफल हो पाया है देश का गणतंत्र!

**डा. श्रीगोपाल नारसन**
लेखक



हमारा संविधान भले ही जाति धर्म के आधार पर कोई भेदभाव न करता हो, लेकिन राजनीति से जुड़े लोग सत्ता की चाबी हाथ लगते ही चाबी अपने पास बनाये रखने के लिए भारतीय संविधान को उसकी मूल भावना से परे जाकर संविधान को अपने अपने स्वार्थ से परिभाषित करने का प्रयास करते है।तभी तो अभी तक एक सौ से अधिक बार भारतीय संविधान को संशोधनों का सामना करना पड़ा है।भारतीय संविधान की वर्षगांठ पर यह चिंतन करना आवश्यक है कि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र में क्या सही मायनों में स्वस्थ लोकतंत्र बचा हुआ है।क्या यह सच नही है कि गण का तंत्र होने पर भी गण ही अपने अधिकार से वंचित होकर रह गए है। भारतीय संविधान मिलने के बाद आमजन को लगा था कि अब उनका शासन उनके द्वारा ही किया जाएगा। लेकिन चन्द पूंजीपतियो की जेब का खिलौना बने राजनीतिक दलों ने आमजन को दरकिनार कर पूंजीपतियों के सहारे देश में कुर्सी प्राप्त करने की ऐसी चाल चली कि लोकतन्त्र बेचारा धराशाही होकर रह गया। विधायको और सांसदो की सत्ता के लिए होती कथित खरीद फरोख्त ने तो देश के लोकतन्त्र को कमजोर करके रख दिया है।

भारतीय गणतन्त्र को यूं धराशाही करने की कोशिश की जाएगी यह संविधान निर्माण के समय किसी ने सोचा तक नही था। इस लोकतन्त्र में क्या वास्तव में आमजनता को उनका अपना वास्तविक तन्त्र मिल पाया है?भारतीय संविधान की मूल भावना जनता पर जनता के द्वारा शासन का सपना क्या वास्तव में चरितार्थ हो पाया है? सन 1950 में भारतीय संविधान भले ही देश में लागू हो गया हो। भले ही देश के प्रत्येक नागरिक को भारतीय संविधान में समानता का अधिकार देने की व्यवस्था की गई हो ,लेकिन गणतन्त्र लागू होने के इतने वर्षों बाद भी देश मे नाम मात्र के लोगो का ही गणतन्त्र बन पाया है। देश मे राज वे लोग ही कर रहे है,जो धन बल से परिपूर्ण है। बेचारी आम जनता तो आजादी के बाद से आज तक इन धन बल वालो की ही मोहताज बनी हुई है। यही कारण है कि आम लोग जब असहनीय रूप से शोषित और पीड़ित हो जाते है तो वे अपने अधिकारों के लिए सडकों पर आकर आंदोलन करने को मजबूर होते है।जिन्हें फिर लाठी डंडे से दबाने की कोशिश की जाती है। लेकिन यह तय है कि अब आम आदमी अपने विरूद्ध होने वाले हर अन्याय का प्रतिवाद करने को तैयार हो गया है। ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रपति पद तकके चुनाव में कोई भी आम आदमी चुनाव लडने का साहस नही जुटा पा रहा है। ग्राम स्तर पर गांव के धनाढय वर्ग से

जुडे लोग चुनाव लडते है तो क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, विधान सभा,लोक सभा चुनाव मे भी आम जनता मे से कोई चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता है।। क्योकि लाखो करोड़ो रुपयों के बिना अब कोई भी चुनाव लडना सभंव नही रह गया है। राज्य सभा और विधानपरिषद तो राजनीतिक दलो की अपनी बपोती बन गई है। शायद ही किसी गरीब और आम आदमी को इन सदनो मे से किसी का सदस्य बनाया गया हो, बडी राजनितिक पार्टिया अपने चेहतो को राज्य सभा और विधान परिषदो मे भेजकर लंबे समय उपकृत करती रही है । इन सीटो पर वे अपने चेहतो को भेजने के लिए संख्या बल के हिसाब से सीटो का आपसी बटवारा कर लेते है।जिससे आम जनता हर बार ठगी सी रह जाती है। इसी कारण इन सदनो मे चुनकर जाने वाले नेता अपने क्षेत्र के प्रति जवाबदेह भी नही रहते, यहॉं तक कि उनकी सांसद निधि और विधायकनिधि या तो खर्च ही नही हो पाती या फिर उसका जमकर दुरूपयोग किया जाता है।जो राष्ट्रहित में नही है।गत चुनाव मे एक भी ऐसा प्रत्याशी किसी बडे रानीतिक दल से चुनाव मैदान में नही आया जो गरीब की रेखा से नीचे का हो या फिर आमजनता के बीच का हो और किसी बडी राजनीतिक पार्टी ने उसे टिकट दिया हो । जीवनभर अपनी पार्टी के प्रति वफादार रहने वाले भी इसी कारण टिकट से वंचित रह जाते है क्योकि उनके पास धन बल नही होता। जबकि धनबल के सहारे दलबदल कर स्वार्थी नेता हर पार्टी में टिकट पाने मे कामयाब हो जाते है। तभी तो करोडो खर्च करके जो मौकाप्रस्त टिकट पा जाते है, वे चुनाव जीतकर पहले जो चुनाव में करोड़ों रुपया खर्च किया उसे बटोरेंगे।ऐसे में वे कैसे जनता की सेवा कर पायगे? चुनाव प्रभावित क्षेत्रो से करोड़ो रूपये का काला धन पकडा जाना, चुनाव मे बेताहशा खर्च की असलियत का जीता जागता प्रमाण है। संविधान लागू होने के इतने वर्षो बाद भी व्यक्ति भूख से मर रहा है,रोजगार को तरस रहा है,अन्नदाता किसान आत्महत्या कर रहा है।आज भी पुलिस जिसे चाहे, जब चाहे, जहॉं चाहे उठाकर बिना किसी कारण के हवालात में बन्द कर देती है,पुलिस हिरासत में मौत तक हो जाती है। जो चाहे सडक जाम कर मरीजो को अस्पताल जाने से रोक देता है। आज भी कर्मचारी या अधिकारी चाहे तो गरीब को उसके द्वारा घूस न देने के कारण उसे उसके मौलिक अधिकारों से वंचित कर देते है। आज भी प्राइवेट स्कूलों व प्राइवेट अस्पतालो मे गरीबो के लिए के लिए प्रवेश नही मिल पाता।आरक्षण व्यवस्था लागू होने पर भी उन्हे प्रवेश से वंचित किया जाता है। आज भी गरीब की भूमि पर भूमाफियाओ के कब्जे की शिकायते मिलना आम बात है।आज आमजन नेताओ के झूठे वायदो व भृष्टअधिकारियो के मायाजाल में फंसकर परेशान है। ऐसे में कैसे, भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप सभी भारतीयों को उनका अपना लोकतन्त्र मिल पाएगा,यह विचार आज के दिन हमे करना चाहिए।यही आज की जरूरत भी है।

रोजगार को तरस रहा है,अन्नदाता किसान आत्महत्या कर रहा है।आज भी पुलिस जिसे चाहे, जब चाहे, जहॉं चाहे उठाकर बिना किसी कारण के हवालात में बन्द कर देती है,पुलिस हिरासत में मौत तक हो जाती है। जो चाहे सडक जाम कर मरीजो को अस्पताल जाने से रोक देता है। आज भी कर्मचारी या अधिकारी चाहे तो गरीब को उसके द्वारा घूस न देने के कारण उसे उसके मौलिक अधिकारों से वंचित कर देते है। आज भी प्राइवेट स्कूलों व प्राइवेट अस्पतालो मे गरीबो के लिए के लिए प्रवेश नही मिल पाता।आरक्षण व्यवस्था लागू होने पर भी उन्हे प्रवेश से वंचित किया जाता है। आज भी गरीब की भूमि पर भूमाफियाओ के कब्जे की शिकायते मिलना आम बात है।

विचार

# जनतंत्र जनसेवा की आदर्श व्यवस्था है

**डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र**
लेखक



भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस बिडम्बना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है।वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था के संदर्भ में अमेरिकन राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को उद्धृत करते हुए कहा जाता है कि 'जनतंत्र जनता के लिए, जनता द्वारा, जनता का शासन है।' सिद्धान्ततः यह कथन आंशिक रुप से सत्य भी है क्योंकि इसमें जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करते हैं। इस दृष्टि से समस्त शासन व्यवस्थाओं में यह व्यवस्था सर्वोत्तम भी है और इसीलिए स्वतंत्रता प्राप्ति के समय हमने इस व्यवस्था को चुना, किन्तु आज हमारे लोकतन्त्र में बढ़ती अविवेकपूर्ण एवं अनुत्तरदायित्व भरी कार्यशैली, जनमन में बढ़ता असंतोष जनित आक्रोश और यत्र-तत्र घटित अराजकतायुक्त दुर्घटनाएं विश्व के इस विशालतम लोकतन्त्र के समक्ष अनेक यक्षप्रश्न उपस्थित कर रही हैं। भारतीय गणतंत्र की इस 76 वें वर्षगाँठ पर इस संदर्भ में गंभीर और विस्तृत विमर्श अपेक्षित है।

सैद्धान्तिक रुप से जनतन्त्र में व्याख्यायित 'जनता' एक इकाई है। जनतन्त्र की उपर्युक्त लिंकन कृत परिभाषा से ध्वनित होता है कि एक इकाई के रुप में संगठित जनता सम्पूर्ण समाज में से सर्वसम्मति से सुयोग्य नेतृत्व का चयन कर जनकल्याण का पथ प्रशस्त करती है, किन्तु व्यावहारिक रुप से जनतन्त्र में प्रयुक्त जनता एक इकाई नहीं होती। वह अनेक विचारधाराओं, दलों और धर्म-क्षेत्र- जाति-भाषा- व्यवसाय आदि की संकीर्णताओं में बँधे छोटे-छोटे समूहों का समुच्चय होती है, जो मनुष्यता और राष्ट्रीयता की उदार एवं समावेशी हितग्राहिता को हाशिए पर डालकर सत्ता हथियाने की दलीय प्रतिबद्धता के प्रति दुराग्रह प्रकट करती है।निजी निहित स्वार्थों के लिए सचेष्ट ये संकीर्ण समूह परस्पर कीचड़ उछालते हुए सत्ता के गलियारों में आधिपत्य के लिए निरन्तर संघर्ष करते हैं। इसलिए जनतंत्र में शासन 'जनता द्वारा जनता के लिए' न रहकर 'दल द्वारा दल के लिए' हो जाता है और इसी कारण जनता में असन्तोष और आक्रोश जन्म लेता है। जनतंत्र की उदार दृष्टि दलीय महत्त्वाकांक्षाओं की दलदल में धँसकर जनकल्याण से दूर चली जाती है। सत्ताधारी दल जनकल्याण के नाम पर प्रचारित योजनाओं के माध्यम से अपनी भावी चुनावी विजय की रूपरेखा रचता है; वोट-बैंक तैयार करता है और राष्ट्रीय-हितों के नाम पर दलीय-हितों के साधन में अपनी ऊर्जा नियोजित करता है। विपक्षीदल भी उचित-अनुचित का विचार किए बिना सत्ता हथियाने के लिए हर संभव कूट रचना रचते रहते हैं। भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस बिडम्बना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है।मनुष्य की प्रकृति सामन्तवादी है। वह शासन करना चाहता है। औरों को अपने अधीन अपने नियन्त्रण में रखना चाहता है। परिवार का मुखिया, संस्था का प्रमुख, संगठन का नेता- सब वर्चस्व चाहते हैं और इस वर्चस्व कामना में निहित 'राजस' भाव स्वयं के लिए एवं अपने जाति-वर्ग के लिए सुख-सुविधाएँ जुटाने का उद्यम करता है। राजतंत्र में राजा लोग अपने लिए, अपने राजपरिवार के लिए, अपने पक्ष के सामन्तों-सरदारों आदि के लिए सुख- सुविधाएं जुटाते थे और जनता के हितों की उपेक्षा करते थे, वर्तमान जनतंत्र में भी यही दुष्प्रवृत्ति दूर-दूर तक दिखाई देती है। भाई-भतीजावाद, वंशवाद, वोट बैंक सुदृढ़ करने की मानसिकता, जनता की गाढ़ी कमाई पर ऐश करने की ऐसी ही दुरभिलाषाओं के कारण आज हमारा जनतंत्र अपना वास्तविक अर्थ खोकर असंतोष और अराजकता की ओर अग्रसर हो रहा है।संज्ञा बदल जाने से स्वभाव नहीं बदल जाता। इसी प्रकार सामन्ती मानसिकता भी जनतांत्रिक संज्ञा धारण करने से नहीं बदल सकती। अभावों और संकटों से जूझते ऋणग्रस्त देश के जनतांत्रिक ध्वजवाहक के वस्त्रों का पेरिस से धुलकर आना हमारी सामन्ती मानसिकता को मौन समर्थन देने की चूक थी। यदि अपने जनतांत्रिक नेतृत्व की इस सामन्ती प्रवृत्ति को हमने समय रहते समझ लिया होता तो हमारा जनतंत्र भ्रष्टाचार का शिकार न बनता। उसका स्वरूप अधिक लोकमंगलकारी होता। उसकी छवि अधिक उज्ज्वल होती। जनता सदा नेता का, प्रजा सदा राजा का अनुसरण करती है। रावण के राजा रहते राम से युद्धरत रहने वाले लंकावासी विभीषण के राजा बनते ही राम के शरणागत हो जाते हैं।

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

यातायात विभाग अनूपपुर

( 1, ) शराब पीकर वाहन न चलाएं
2, यातायात नियमों का पालन करें
3,वहान को धीमी गति से चलाएं आपका कोई इंतजार कर रहा है
यातायात प्रभारी ज्योति दुबे अनूपपुर

एवं समस्त स्टाफ गढ़

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

जिला महिला बाल विकास अधिकारी
जिला अनूपपुर

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

जय माता दी होटल अनूपपुर की ओर से
मनोज श्रीवास्तव अनूपपुर

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

थाना प्रभारी, अनूपपुर

कार्यालय वन परिक्षेत्र अनूपपुर
गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी, अनूपपुर

कार्यालय वन परिक्षेत्र जैतहरी
गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी, जैतहरी

कार्यालय वन परिक्षेत्र राजेंद्र ग्राम
गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी, राजेंद्रग्राम

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
थाना प्रभारी
भालूमाड़ा

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
थाना प्रभारी
फुनगा

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
जिला परिवहन अधिकारी, अनूपपुर

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
जे एल नंदा
एसडीओ जल संसाधन विभाग अनूपपुर

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
एसडीओ जल संसाधन विभाग

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
थाना प्रभारी

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला खनिज अधिकारी
जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
थाना प्रभारी
राजनगर

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
भुवनेश्वरी गैस एजेंसी अनूपपुर

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
एसडीओ ग्रामीण यात्रिक सेवा अनूपपुर

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन यंत्री,ग्रामीण यात्रिक सेवा अनूपपुर

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

राम अवध सिंह अध्यक्ष नगर पालिका पसान

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

रामखेलावन राठौर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनूपपुर

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल गुप्ता वरिष्ठ भाजपा अनूपपुर

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मान.श्री दिलीप जायसवाल जी राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार)
कुटीर एवं ग्रामोधोग मंत्री म.प्र शासन

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय लोक निर्माण विभाग अनूपपुर
बी एल द्विवेदी एसडीओ लोक निर्माण विभाग अनूपपुर

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्राचार्य गुलाब सिंह शासकीय माध्यमिक शाला सरवाही खुर्द

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास की ओर अग्रसर अनूपपुर बिसाहूलाल सिंह विधायक पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन की पहल से होगा क्षेत्र अनूपपुर विकास कार्य बनेगा

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

प्रचारय रामनरेश कुशवाहा सेंट एंजेल्स हायर सेकेंडरी स्कूल

भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष बिरसिंहपुरपाली
गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

मंडल अध्यक्ष बिरसिंहपुर पाली श्रीमती राधा तिवारी

न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर संगोष्ठी

जबलपुर। शासकीय मानकंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासीय महिला महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड और महाविद्यालय के भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

संगोष्ठी का विषय सतत पर्यटन प्रोत्साहन श्च विकसित भारत 2047 था और इसे महाविद्यालय की प्राचार्य स्मृति शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रहमानंद त्रिपाठी ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यटन विकास के लिए सतत प्रोत्साहन की आवश्यकता है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता श्री हेमंत सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ने जबलपुर जिले के विविध पर्यटन स्थलों और रोजगार संबंधी प्रशिक्षण पर विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय नागरकर ने पर्यटन के मूल तत्वों और पर्यटन विकास के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि पर्यटन एक उद्योग है जिसे श्रम और समय के निवेश से विकसित किया जा सकता है।

सुश्री दीप्ति ठाकुर ने संगोष्ठी के माध्यम से महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन और उनके रोजगार विकास पर जोर दिया। वहीं, डॉ. नूपुर निखिल देशकर ने जबलपुर के विभिन्न ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों की जानकारी दी। डॉ. धीरेंद्र त्रिपाठी और राम सनोदिया ने पर्यटन विकास और इसके समस्याओं तथा समाधान पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

संगोष्ठी में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी लोधी ने नए पर्यटन विकास और रोजगार पर, जबकि विकास चौबे ने मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों के वर्तमान परिदृश्य पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय तिवारी ने किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राध्यापक और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

### जबलपुर के गारमेंट निर्माताओं की बैठक

जबलपुर,। प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भोपाल में 24 और 25 फरवरी को आयोजित होने वाले ग?लोबल इन्?वेस्?टर्स समिट – 2025 की पूर्व तैयारियों को लेकर शनिवार को जबलपुर गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क?लस्?टर एसोसिएशन में गारमेंट निर्माताओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एमपीआईडीसी) के क्षेत्रीय कार्यालय की कार्यकारी संचालक सुश्री सृष्टि प्रजापति ने की। इस बैठक में गारमेंट क्लस्टर के सदस्यों को ग?लोबल इन्?वेस्?टर्स समिट में होने वाले सेक्टरवार प्रजेंटेशन और समिट में सहभागिता के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही, क्लस्टर के सदस्यों से समिट में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। बैठक में गारमेंट क्लस्टर के पदाधिकारियों ने जबलपुर में गारमेंट निर्माण क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने जबलपुर संभाग में गारमेंट निर्माण के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं पर चर्चा की और इस क्षेत्र में अधिक निवेश के लिए प्रस्ताव दिए। बैठक में गारमेंट क्लस्टर के प्रबंध संचालक दीपक जैन, संचालक प्रेमचंद परसवानी, एमपीआईडीसी के मुख्य महाप्रबंधक आर पी चक्रवर्ती, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक सहित क्लस्टर के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### काव्य पटल, कृति विमोचन एवं काव्य गोष्ठी आज

जबलपुर। वर्तिका संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रश्मि बाजपेई मंडला व गजलकार अशोक झरिया शफक लखनादौन रचनाओं के काव्य पटल एवं डॉ. मनोरमा गुप्ता बांसुरी की कृति आजादी की अमर दीपिकाएं का विमोचन आज 26 जनवरी को दोपहर 3ः00 से जानकीरमन महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी भी आयोजित होगी। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार अमरेंद्र नारायण होंगे। अध्यक्षता पूर्व जज मीना भट्ट करेंगी। विशिष्ट अतिथि कलाकार प्रमोद कुशवाहा, कवयित्री रजनी कोठारी एवं प्रतिमा अखिलेश रहेंगी।वर्तिका के संयोजक विजय नेमा अनुज अध्यक्ष राजेश पाठक प्रवीण ने साहित्यकारों से उपस्थित का आग्रह किया है।

### *मरते मजदूर , मुनाफा कमाते ठेकेदार, मूक दर्शक प्रशासन*

**जबलपुर**

मजबूरी होती है कि आज रात में घर में क्या खाएंगे. इस मजबूरी का फायदा ठेकेदार उठाते हैं. मजदूरों की आधे अधूरे संसाधन के साथ निर्माण कार्य में खड़ा कर देते हैं. नतीजा मजदूर मरते हैं, मजदूर घायल होते हैं, मजदूर अपाहिज होते हैं. चार दिन हंगामा होता है, जिला प्रशासन जांच बैठाता है. फिर सब पुराने ढर्रे पर लौट जाता है. जिले में केमतानी ग्रुप की फाईव स्टार होटल से लेकर वेलकम होटल ब्लास्ट तक, सिहोरा खदान में हुये हादसे से लेकर गत दिवस पापूलर ब्रेड फैक्ट्री तक हादसों की फेहरिस्त लम्बी है. इस लिस्ट में जो एक बात कामन है, वो यह की मजदूरों की दर्दनाक मौत और किसी ठेकेदार या मालिक पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई. अनुमान के मुताबिक बीते पां रीक पमौतों का सलिसला जारी है।

*15वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ भव्य आयोजन*

# शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की आवश्यकता :कलेक्टर

**संवाददाता ➤ जबलपुर**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कल्चरल स्टेट स्थित संस्कृति थिएटर में एक भव्य आयोजन हुआ। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कलेक्टर सक्सेना ने अपने संबोधन में लोकतंत्र के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आज का दिन लोकतंत्र के लिए विशेष है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां बिना किसी भेदभाव के मतदाता सूची तैयार की जाती है और मतदान किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर सुधार और शिक्षा की प्रक्रिया जारी रही है। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और सभी नागरिकों से निष्पक्ष मतदान की अपील की।

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने भी अपने संबोधन में भारत में निर्वाचन प्रणाली की विशेषताओं और महिलाओं के मतदान अधिकार की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत में वयस्क मताधिकार है, जिससे महिला और पुरुष दोनों समान अधिकारों के साथ मतदान कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सक्सेना ने मतदाताओं को लोकतंत्र को सशक्त बनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सुरमय निर्वाचन गीत की प्रस्तुति जानकी बैंड द्वारा की गई और राम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।




नवीन वोटर और विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। विशेष रूप से, मैं हूं भारत का मतदाता के बेज लगाकर रोशनी अधिकारी, मोक्ष रोहरा, सिया बुधवानी, अंशु साहू, और दिव्यांगना लाल को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर घोषित थीम ''वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम'' पर आधारित जिला स्तरीय तीन विजेताओं – मधु चौबे, श्रीमती मनोरमा जैन और ललित कुमार मखीजा को कलेक्टर द्वारा नगद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, ईएलसी नोडल अधिकारी और कैंपस एंबेसडर भी उपस्थित रहे। जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।



### पूर्णिका संस्था की मासिक गोष्ठी

**जबलपुर।** बालिका दिवस पर पूर्णिका संस्था की मासिक गोष्ठी का आयोजन कविता राय कृति के मुख्य आतिथ्य आशुतोष तिवारी आशु की अध्यक्षता में आयोजित की गई7 प्रारंभ में संस्थापक एडवोकेट डा सलपनाथ यादव प्रेम ने पूर्णिका के सृजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि कमला सिंह पद्मा दुर्ग छत्तीसगढ़ उपस्थित थीं। मंगल भाव प्रस्तुत किया यशोवर्धन पाठक ने प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत निर्मला डोंगरे पूर्णिका सिहोरा, उमा शर्मा अर्तिका नोएडा, रजनी कटारे हेम, कविता नेमा काव्या सिवनी ने किया7 सारस्वत अतिथि के रूप में मंच मणि राजेश पाठक प्रवीण आसीन थे, पूर्णिका प्रकाश डॉ ललित सिंह ललित अलीगढ़ उप्र ने किया। सरस्वती वंदना रश्मि पांडेय शुभि ने प्रस्तुत की।

### 90 दिन के भीतर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन का भुगतान करें

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति द्वारिकाधीश बसंल की एकलपीठ ने 80 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मियों के हक में राहतकारी आदेश पारित किया। इसके अंतर्गत 90 दिन के भीतर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एरियर्स व ब्याज भी दिए जाने की व्यवस्था दी है। याचिकाकर्ता कटनी निवासी मेवालाल शुक्ला,सूरजदीन सोनी व प्रेमलाल परोहा की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पद्मावती जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता 80 वर्ष से ऊपर के सेवानिवृत्त शासकीय कर्मी हैं। उन्होंने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल को अभ्यावेदन दिया था। जिसके जरिए राज्य शासन के तीन अगस्त, 2009 के परिपत्र की रोशनी में 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन दिए जाने की मांग की थी।

# नर्सिंग काउंसिल दफ्तर से सीसीटीवी फुटेज गायब

### हाईकोर्ट ने भोपाल पुलिस कमिश्नर और साइबर सेल को जांच सौंपी

**संवाददाता ➤ जबलपुर**

मप्र में चल रहे नर्सिंग घोटाले में सीबीआई की जांच के बाद जहां 500 से अधिक नर्सिंग कॉलेजों पर ताले लग चुके हैं, वहीं अब नर्सिंग काउंसिल में भी गंभीर गड़बडियां सामने आई हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले को भोपाल पुलिस कमिश्नर और साइबर सेल को जांच सौंपी है। दरअसल, नर्सिंग फर्जीवाड़े के संबंध में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका पर अन्य नर्सिंग मामलों के साथ सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मप्र नर्सिंग काउंसिल कार्यालय के 13 से 19 दिसंबर, 2024 तक के सीसीटीवी फुटेज संरक्षित कर बंद लिफाफे में पेश करने का आदेश दिया था।

हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने दस्तावेज पेश करते हुए बताया कि, काउंसिल से 11 से 16 दिसंबर के सीसीटीवी फुटेज गायब हैं, जिसके बाद याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट ने जब 12 दिसंबर को तत्कालीन रजिस्ट्रार को हटाने के आदेश दिए थे, उसके बाद उनके द्वारा अपने कार्यकाल में की गई अनियमितताओं से संबंधित कई फाइल 14 दिसंबर को गायब की गई हैं और सहयोगियों के साथ मिलकर सीसीटीवी फुटेज भी डिलीट किए गए हैं।

### भोपाल पुलिस कमिश्नर और साइबर सेल को सौंपी जांच

नर्सिंग फर्जीवाड़े मामले पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल ने पूरा मामला पुलिस कमिश्नर भोपाल और साइबर सेल को सौंपते हुए आदेश दिया है कि, उक्त अवधि के काउंसिल कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज पुनः रिट्रीव करने के हर संभव प्रयास किए जाए और यदि आवश्यक लगे तो काउंसिल ऑफिस के आसपास लगे कैमरों की रिकार्डिंग देखकर पता लगाया जाए कि दफ्तर से क्या-क्या बाहर ले ज़ाया गया है। हाईकोर्ट ने साइबर सेल को तत्कालीन रजिस्ट्रार के मोबाइल फोन के टावर लोकेशन के बारे में भी जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए हैं, ताकि 13 से 19 दिसंबर, 2024 की अवधि के दौरान परिषद के कार्यालय में उनकी भौतिक उपलब्धता का पता चल सके। हाईकोर्ट ने 15 दिन में रिपोर्ट मांगी।

# केवल सरकारी रिफायनरियों से लिया जायेगा डामर - लोक निर्माण मंत्री

**संवाददाता ➤ जबलपुर**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सड़क निर्माण में प्रयुक्त होने वाले बिटुमेन (डामर) की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और पारदर्शिता लाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, और भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब से सड़क निर्माण कार्यों के लिए डामर केवल सरकारी रिफायनरियों से ही लिया जाएगा।



मंत्री सिंह ने बताया कि डामर की सप्लाई के लिए जीपीएस आधारित ई-लॉकिंग सिस्टम वाले टैंकरों का उपयोग किया जाएगा। इस सिस्टम से डामर की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता आएगी। रिफाइनरी से टैंकर लॉक होंगे और परिवहन रूट परिभाषित किए जाएंगे। संबंधित स्थल पर पहुंचने के बाद मोबाइल पर ओटीपी डालने के बाद ही टैंकर अनलॉक होगा। इसके अलावा, डामर की सप्लाई के समय ठेकेदार के हॉटमिक्स प्लांट पर इंजीनियर द्वारा रिफाइनरी के पोर्टल से सप्लाई देयक की वेरीफिकेशन की जाएगी। मंत्री सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक माह में 5 और 20 तारीख को मुख्य अभियंताओं के दल द्वारा निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इस निरीक्षण का चयन रैंडम आधार पर सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी विभागीय अधिकारी या ठेकेदार निरीक्षण की योजना को पहले से न जान सके।

इसके साथ ही, निरीक्षण के दौरान सामग्री के सेंपल भी रैंडम आधार पर लिए जाएंगे और सील किए गए गोपनीय क्यूआर कोड के साथ प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। परीक्षण की रिपोर्ट गोपनीय कोड के साथ सॉफ्टवेयर पर अपलोड की जाएगी।

## प्राथमिकता के विषयों में तत्परता से कार्य करें - कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व महाअभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नक्शा बटांकन, आधार से आरओआर लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, और आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की।

कलेक्टर सक्सेना ने एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि राजस्व महाअभियान के तहत सभी कार्यों में तेजी लायी जाये। उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सीएम हेल्पलाईन से जुड़े प्रकरणों को गंभीरता से हल करने की बात की, ताकि जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके।

इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने धारणाधिकार के प्रकरणों की भी समीक्षा की और धान उपार्जन के भुगतान की निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गेहूं उपार्जन के पंजीयन की प्रक्रिया को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा, खासकर सिकमीनामा के पंजीयन पर ध्यान देने की बात की।

कलेक्टर सक्सेना ने राजस्व अधिकारियों से प्राथमिकता वाले मामलों में तत्परता से काम करने की अपील की और सीएम हेल्पलाईन, आधार से आरओआर लिंकिंग, आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों तथा राजस्व महाअभियान से जुड़े कार्यों का निराकरण सुनिश्चित करने की बात की।







## आनंद विभाग द्वारा विद्यालयों में विद्यार्थियों हेतु आनंद सभा का किया गया आयोजन



इन्दौर । कलेक्टर आशीष सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व नोडल अधिकारी (आनंद) सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में आनंद विभाग द्वारा इन्दौर के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों हेतु आनंद सभा का आयोजन किया गया। समन्वयक विजय कुमार मेवड़ा के समन्वय तथा गुरु दक्षिणा समूह आनंद क्लब के सौजन्य से आयोजित इस आनंद सभा में चर्चा का विषय परीक्षा के समय तनाव प्रबंधन था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में सुझाव दिया गया था कि हमें विद्यार्थी के साथ परीक्षा के समय को परीक्षा उत्सव के रूप में मनाना चाहिए, ताकि परीक्षा के समय में वह खुश व तनाव मुक्त रहे। आज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संयोगिता गंज, प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, समाज विज्ञान अध्ययन शाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में



### ओबीसी संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय का उद्घाटन हुआ

इन्दौर । वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती पर जननायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन (कर्मचारी कामगार प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय कार्यालय का उद्घाटन सोनू सोनवने राष्ट्रीय प्रचारक राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौहान सागोर, कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन के इंदौर-उज्जैन संभाग के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष सचिन सेन पलसूद बड़वानी, वीरू सेन उद्योगपति, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश श्रीवास संदलपुर राष्ट्रीय महासचिव द्वारा किया गया। अतिथि स्वागत राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सेन, प्रदेश अध्यक्ष महेश चौकसे, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश श्रीवास संदलपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष कमल वर्मा ने किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सोनू सोनवने ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सचिन सेन पलसूद बड़वानी, पिछड़ा वर्ग महापंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौहान उद्योगपति सागौर, प्रदेश अध्यक्ष महेश चौकसे

### हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने ऐसे कृत्य को आस्था से खिलवाड़ बताया है

## आस्था से खिलवाड़ - डीजे वाही खान क्लब में बजा रही भजन, हिन्दू संगठन ने कठोर कार्रवाई की मांग की



संवाददाता ➤ इन्दौर

मंदिरों, भव्य धार्मिक पांडालों के साथ समय समय पर आयोजित भजन कीर्तन सत्संग कार्यक्रम सहित अन्य धार्मिक आयोजनों में सुनाई देने वाला और महात्मा गांधी का भी प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम इन वाहियात डीजे बजाने वालों के कारण पबों और क्लबों में जहां शराब शबाब के साथ धुएं के झल्ले उड़ा नशे का सेवन करती युवा पीढ़ी, आधुनिकता के नाम पर फूहड़ता का प्रदर्शन करते अपने घर परिवार के साथ समाज को भी शर्मसार करती रहती है, बजाया जा रहा है। यही नही यह वाहियात तथाकथित डीजे इसके विडियो भी अपने सोशल अकाउंट पर पोस्ट कर रहे हैं। हालांकि जानकारी लगने पर जवाबदार संगठन उनके विरोध में उठ खड़े हो रहे हैं। ऐसी ही एक वाहियात डीजे युवती के वीडियो की जानकारी लगते ही हिंदू संगठन ने अधिकारियों को ज्ञापन देकर डीजे युवती के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने ऐसे कृत्य को आस्था से खिलवाड़ बताया है। हिंदू संगठन के कृष्णा वाघ और मान सिंह राजावत के अनुसार संगठन ने डीसीपी जोन 2 कार्यालय और विजय नगर थाने में शिकायत की है कि भोपाल की रहने वाली युवती वाही खान जो कि इन्दौर में रहकर यहां डी जे बजाने का काम करतीं ने विजय नगर इलाके के अपोलो बिल्डिंग स्थित रिवोल्यूशन क्लब में रघुपति राघव राजा राम भजन बजाया और इसका विडियो जिसमें वह खुद भी मटक रहीं हैं अपने सोशल अकाउंट पर पोस्ट किया। इंदौर में डीजे बजाने का काम कर रही भोपाल की यह लड़की शहर के अलग अलग क्लबों में डीजे बजाती रहतीं है। हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं का कहना है कि वाही खान का क्लब और पब में इस तरह हिन्दू भजन बजाना हिंदुओं के देवी देवताओं का अपमान है। हाल ही में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने धार्मिक नगरों में शराबबंदी का एलान किया है। मुख्यमंत्री सनातनियों और धार्मिकता को लेकर सख्त है लेकिन बावजूद इसके युवती डीजे ने अपनी मनमानी करते शराब और शबाब से भरे क्लब में एसा साउंड बजाया, जो हमारे और अहिल्या माता की नगरी ने लिए अपमानित कृत्य है। पुलिस ने उन्हें सात दिन में कड़ी



## रैम्प पर पेट्स का जलवा : इन्दौर में हुआ पेट टॉक्स

### शहर के इकलौते पेट-फ्रेंडली होटल में जुटे पेट्स और पेट पैरेंट्स

संवाददाता ➤ इन्दौर

हमारे आसपास के पालतू जानवर हमारी जीवनशैली का हिस्सा हैं, कई लोग उन्हें परिवार का सदस्य मानते हैं। पालतू जानवरों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए इन्दौर के जाने माने होटल वाओ क्रेस्ट, इन्दौर आईएचसीएल सिलेक्शंस में शनिवार 25 जनवरी 2025 को पेट टॉक्स का आयोजन किया गया। इस खास इवेंट ने शहर के पेट लवर्स और उनके प्यारे पालतू जानवरों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान किया। इन्दौर का यह पहला और एकमात्र पेट-फ्रेंडली होटल होने के नाते होटल वाओ ने अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई।


इस मौके पर होटल वाओ क्रेस्ट, इन्दौर आईएचसीएल सिलेक्शंस के जनरल मेनेजर विदीश म्हात्रे ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा से अपने मेहमानों को अनोखा और खास अनुभव देना रहा है। पेट टॉक्स के जरिए हमने पेट्स और उनके पैरेंट्स को एक ऐसा प्लेटफॉर्म देने की कोशिश की है, जहां वे खुलकर अपने पालतू जानवरों के साथ समय बिता सकें। इस आयोजन में 15 से अधिक पेट्स ने हिस्सा लिया और अपने पेट पैरेंट्स के साथ मिलकर इस इवेंट को यादगार बना दिया। इवेंट में फाइंड माई ऑनर, हर्डल रेस, और रैंप वॉक जैसे अनोखे और मजेदार कार्यक्रम हुए, जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। विदीश ने बताया कि कार्यक्रम में वेटरनरी डॉक्टर द्वारा महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए

## महू में कांग्रेस की सभा के दौरान 40 भट्टियों पर तैयार होंगे भोजन के एक लाख पैकेट

### तीन सौ रसोईये आज से जुट गए मैथी की नमकीन पूड़िया और किशमिश-पिंड खजूर की लौंजी बनाने में

संवाददाता ➤ इन्दौर

अ.भा. कांग्रेस कमेटी की महामंत्री एवं सांसद प्रियंका गांधी तथा राहुल गांधी एवं अ.भा. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के महू आगमन की तैयारियों में जुटे प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री एवं महू सम्मेलन के लिए भोजन व्यवस्था समिति के संयोजक राजकुमार पटेल एवं अरविंद बागड़ी ने शनिवार को भी महू पहुंचकर सभा स्थल एवं भोजन व्यवस्था की पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। बागड़ी ने बताया कि महू आने वाले लोगों के लिए भोजन के



एक लाख पैकेट तैयार कराए जा रहे हैं। भोजन बनाने के लिए 40 भट्टियों पर कैलाश महाराज और बजरंग महाराज के 300 रसोईये आज से ही रसोई बनाने में जुट गए है। प्रत्येक पैकेट में मैथी की 6 नमकीन पुड़ी, पिंड खजूर, हरी मिर्ची और किशमिश की लोंजी, सेंव के पैकेट की व्यवस्था रहेगी। इन भोजन पैकेट्स का वितरण 27 जनवरी को सभा के बाद किया जाएगा। समिति के अन्यसदस्यों शेख अलीम, भरत पटवारी एवं जीतू ठाकुर भी सभा स्थल एवं भोजन निर्माण स्थल की तैयारियों में जुटे हुए हैं। अन्य वरिष्ठ नेता भी लगातार सभा स्थल की व्यवस्था का आकलन और अवलोकन कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह भी कार्यकर्ताओं एवं व्यवस्थाओं में जुटे नेताओं का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

## बार एसोसिएशन इंडोर लायर्स स्पोर्ट्स टूर्नामेंट सम्पन्न, अनस मोहम्मद शेख को तिहरा खिताब



संवाददाता ➤ इन्दौर

अनस मोहम्मद शेख ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंडोर लायर्स स्पोर्ट्स टूर्नामेंट की बैडमिंटन स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीहरी सफलता हासिल की। शेख ने सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स यानी तीनों खिताब अपने नाम किये। वहीं महिला सिंगल्स का खिताब संजीवनी मराठे ने जीता। टेबल टेनिस पुरुष सिंगल्स का खिताब अमित पाल ने मनोज सोनी को हराकर जीता। टूर्नामेंट का उदघाटन न्यायमूर्ति संजीव एस कलगांवकर एवं बिनोद कुमार द्विवेदी ने किया। अध्यक्षता उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रितेश ईनानी ने की।

### कार्यशाला में दिल्ली के विशेषज्ञ बताएंगे कि भारत के गुलाब की दुनिया में क्या स्थिति है

## इस बार गुलाब प्रदर्शनी में 2 इंच से लेकर 10 इंच तक के तीन हजार किस्म के अनेक रंगों के फूल महकेंगे

संवाददाता ➤ इन्दौर

मालवा रोज सोसायटी के तत्वावधान में 1 और 2 फरवरी को गांधी हाल में लगने वाले वार्षिक गुलाब मेले में इस बार गुलाब के तीन हजार किस्मों के फूलों की प्रदर्शनी के अलावा वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी दिल्ली के सुशील प्रकाश एवं डॉ. सबरीना जाफरी के व्याख्यान भी होंगे, जो गुलाब प्रेमियों को बताएंगे कि देश के गुलाब की दुनिया में क्या स्थिति है और बिना मिट्टी के इन्हें कैसे उगाया जा सकता है। इसी तरह एक अन्य विशेषज्ञ अनिल जायसवाल बताएंगे कि एक कमरे में केसर की खेती कैसे की जा सकती है। यह कार्यशाला 2 फरवरी को दोपहर 2 बजे से गांधी हाल में होगी। इस बार बोन्साई स्टडी ग्रुप की



ओर से भी करीब 60 पौधे इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जाएंगे।

मालवा रोज सोसायटी के संरक्षक डॉ. देव पाटोदी, अध्यक्ष ब्रजेश सारस्वत एवं सचिव डॉ. अरुण सराफ ने बताया कि गांधी हाल में शनिवार, 1 फरवरी और रविवार, 2 फरवरी को लगने वाली प्रदर्शनी का यह 37वां वर्ष है। इस बार जो गुलाब प्रदर्शित किए जा रहे हैं, उनमें कई का आकार 10 इंच गोलाई तक का है, वहीं कुछ फूल 2 इंच के भी हैं।

### बागवानी से संबंधित स्टॉल भी रहेंगे

प्रदर्शनी में जो तीन हजार गुलाब प्रदर्शित होंगे, उनमें पिंक नोबलिस्ट, केलकटा-300, जैमिनी और एटोल जैसी किस्में प्रमुख है। बागवानी से संबंधित सामग्री, गुलाब के पौधे, बीज, गमले, जैविक खाद, फूलों के पौधे, नर्सरी, बालकनी में टांगने हेतु झूलते गमले एवं कृषि उपकरणों सहित करीब 15 स्टाल इस प्रदर्शनी में लगाए जाएंगे।

### अनेक रंगों के फूल होंगे शामिल

इस बार सफेद, नारंगी, लाल, पीला, गुलाबी, नीला, बैंगनी, तांबिया, भूरा, धारीदार, दो रंगी, बहुरंगी के अलावा 3 एचटी ब्लूम, 3 एचटी फुली ब्लूम और एक ही पौधे पर एक कली, एक स्पेसीमेन और एक पूर्ण खिला हुआ फूल भी प्रदर्शित किया जाएगा। पहले दिन अर्थात 1 फरवरी को शाम 4 बजे से इन सबको देखा जा सकेगा।

### बगीचों के लिए उद्यान स्पर्धा

सोसायटी द्वारा इस वर्ष भी उद्यान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है,आदि शहरों के व्यक्तिगत और संस्थागत गुलाब उद्यानों का अवलोकन किया जाएगा।

### न्यूज ब्रीफ

**बहु चर्चित हनीट्रैप मामले में महिला आरोपी पर आरोप तय,**

इन्दौर। अजा अजजा अत्याचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश देवेंद्र प्रसाद मिश्रा की कोर्ट ने बहु चर्चित हनीट्रैप मामले में महिला आरोपी मोनिका उर्फ सीमा पिता हीरालाल यादव पर चार्ज फ्रेम कर दिए हैं। कोर्ट ने जारी आदेश में भादसं की धाराओं 420, 120बी/385, 120बी/389, 467, 468 और 471 के तहत उसमें दोषी पाया है। कोर्ट के आदेश के बाद आरोपी की वकील ने इन्हें मानने से इनकार कर दिया। ज्ञात हो कि 17 सितंबर 2019 को हनी ट्रैप यह मामला तब सामने आया था जब इन्दौर नगर निगम के सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह को कुछ युवतियों ने अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करने के साथ उनसे 3 करोड़ रुपए की मांग की थी। हरभजन सिंह ने इसकी पलासिया पुलिस थाने में शिकायत की थी। पुलिस ने मामले में आरती, मोनिका, श्वेता (पति विजय), श्वेता (पति स्वप्निल), बरखा तथा ड्राइवर ओमप्रकाश कोरी सहित 6 महिलाओं समेत 8 को आरोपी बना गिरफ्तार किया था। बाद में सभी की जमानत हो गई थी। कोर्ट ने आज सभी आरोपियों को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति के आदेश दिए हैं। मामले में अगली सुनवाई 8 फरवरी को होगी।

**इन्दौर संभाग में एक महीने तक चलेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन का विशेष अभियान**

इन्दौर । राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अन्तर्गत इन्दौर संभाग के समस्त जिलों में 26 जनवरी से 28 फरवरी 2025 तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया है कि इन्दौर संभाग में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एक बड़ा अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत गणतंत्र दिवस के पावन अवसर से होगी। संभागायुक्त दीपक सिंह ने इस संबंध में इन्दौर संभाग के सभी जिला कलेक्टरों, सीईओ जिला पंचायत और स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए हैं। अभियान के प्रथम चरण में सभी ज़िलों में मोतियाबिंद के सम्भावित रोगियों का परीक्षण किया जाएगा और इन्हें ऑपरेशन के लिए चयनित किया जाएगा। अभियान में द्वितीय चरण में सूचीबद्ध हितग्राहियों को उपचार हेतु संबंधित शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय से जोड़ा जायेगा। चिन्हित हितग्राहियों को चिकित्सालय तक लाने और ले जाने की व्यवस्था शासकीय स्तर पर बस के माध्यम से की जायेगी। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ प्राइवेट हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज भी सहभागी रहेंगे। एक महीने के इस अभियान में लगभग 15000 ऑपरेशन होना संभावित है।
इस अभियान के सुचारू संचालन के लिये जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में अभियान की प्रतिदिन समीक्षा करेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की निगरानी एवं उपचार प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन उपचारित हितग्राहियों की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संभागीय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य को प्रस्तुत की जायेगी। अभियान के दौरान राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत शासन द्वारा जारी नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस की गाइडलाइंस का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**जल संसाधन मंत्री सिलावट ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं**

इन्दौर । जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेश के नागरिकों को 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि भारत में गणतंत्र की स्थापना के पावन दिवस पर आज हम देश के उन वीर सपूतों को याद करें, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और देश में मजबूत गणतंत्र स्थापित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि हम सब आज देश और प्रदेश की तरक्की एवं विकास का संकल्प लें।

**दहेज प्रताड़ना - तीन केस दर्ज**

इन्दौर । दहेज प्रताड़ना के तीन अलग अलग मामलों में महिला थाना पुलिस द्वारा केस दर्ज किए गए हैं। महिला थाना पुलिस के अनुसार सीमा सुखाड़िया उम्र चौबीस साल निवासी महावर नगर अन्नपूर्णा रोड ने पति अंकित सुखाड़िया, सास कृष्णा और जेठ अशोक के खिलाफ केस दर्ज कराते बताया कि नवंबर 2020 से आरोपी उसे गालियां देकर मारपीट करते और दहेज की मांग कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। जिसके चलते परेशान हो वह अपने मायके धीरज नगर में रहने आ गई है और मामला दर्ज कराया है। वहीं रूखसार खान उम्र चौबीस साल निवासी नार्थ तोड़ा ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी शादी इस्लामपुरा देवास के मोहसिन पठान से हुई थी। फरवरी 2023 से पति मोहसिन, ससुर सनव्वर सास राशिदा

## न्यूज ब्रीफ



### तीन नाबालिक छात्राओं से छेड़खानी की रिपोर्ट पर कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरफ्तार

**अनूपपुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में कक्षा 11 में अध्यनरत तीन नाबालिक छात्राओं द्वारा विद्यालय के प्राचार्य हीरालाल बहेलिया के द्वारा गलत नियत से छेड़खानी की रिपोर्ट किए जाने पर विद्यालय की 06 सदस्यीय आंतरिक परिवाद समिति ( अध्यक्ष श्रीमती मीनू प्रजापति ) से जांच रिपोर्ट प्राप्त कर महिला उपनिरीक्षक श्रीमती सरिता लकड़ा द्वारा धारा 74 भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 7/8, 9 ष, 9द्ध, 10 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम में तीन अपराध 37/25, 38/25, 39/25 पंजीबद्ध कर आरोपी प्राचार्य हीरालाल बहेलिया पिता दद्दी प्रसाद बहेलिया उम्र करीब 61 वर्ष मूल वर्तमान पता वार्ड नंबर 10 अनूपपुर स्थाई पता ग्राम शिकारगंज रामपुर नेकीन जिला सीधी को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा विवेचना में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी जप्त किए गए हैं।

### एल ई डी लाइट की व्यवस्था कर दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ

**श्याम गुप्ता बिरसिंहपुर पाली**

उमरिया बिरसिंहपुर पाली नगर पालिका में वार्ड नंबर 9 में आज नगर पालिका अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान ने गजरा नाला पुल से हरिओम टाकीज़ तक55 लाख रुपए की लागत से 64 विधुत पोल लगा कर एल ई डी लाइट की व्यवस्था कर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ कर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नगर में अच्छी प्रकाश व्यवस्था कर नगर को तिरंगे की रोशनी से जगमगा रहा है जिस शुभारंभ में नगर पालिका अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान श्री सरजू प्रसाद अग्रवाल श्री केसरी नाथ अग्रवाल नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष विमल अग्रवाल श्री सुदामा विश्वकर्मा श्री प्रकाश पालीवाल श्री सुरेश अवधिया जी श्री राजकुमार खरे भरत प्रजापति घनश्याम साकेत एडवोकेट बृजेश उपाध्याय सुशांत सक्सेना दिलीप विश्वकर्मा रमेश सिंह ठाकुर वार्ड नंबर 12 पार्षद श्री मतिअंजू पटेल एवं नगर के व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक की भूमिका सराहनीय रही

### कमिश्नर ने संभाग के नागरिकों को गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

शहडोल।कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि 26 जनवरी को ही हमारे देश में संविधान लागू किया गया था और यह संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है इस दृष्टि से 26 जनवरी का दिन हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। इस दिन हम उन महान हस्तियों को याद करते हुए जिन्होंने संविधान की रचना में अपनी महती भूमिका निभाई है। हम सभी निवासी भारत देश के वासी होने का फर्ज अदा करेंगे, इस देश लिए अच्छा सोंचेगे, अच्छा कार्य करेंगे और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

**शहडोल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शहडोल जिले में विभिन्न गतिविधियां एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज शासकीय बालिका सम्प्रेक्षण गृह शहडोल प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्री ऋषभ डॉनल, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य श्री प्रदीप सिंह, श्रीमती संगीता निगम, सहायक संचालक महिला एंव बाल विकास शहडोल श्रीमती संजीता भगत ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अंतर्गत अभियान का शुभारंभ किया गया।

### मतदाता जागरूकता शपथ का आयोजन

श्योपुर। 15वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के उपलक्ष्य में आज विभिन्न शासकीय कार्यालयो में मतदाता जागरूकता शपथ ली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोकतांत्रिक परम्पराओं, मर्यादाओं को बनाये रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेगे हम की थीम पर आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस के परिपेक्ष्य में आयोजित शपथ ग्रहण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम श्री मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन सहित विभिन्न विभागोमतदाता जागरूकता शपथ का आयोजन किया गया।

## संविधान गौरव दिवस पखवाड़ा की बैठक सम्पन्न

**श्याम गुप्ता बिरसिंहपुर पाली उमरिया**




उमरिया भा जा पा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया बैठक के मुख्य अतिथि नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल रहे बैठक का उद्देश्य 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चल रहे संविधान गौरव दिवस का समापन 25 जनवरी को रानी दुर्गावती भवन में दोपहर 12ः00 बजे होना है 26 जनवरी को संविधान के पूरे 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं जिसे पूरे देश में मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान के रूप में भाजपा मनाएगी 11 जनवरी से उमरिया जिले में लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं 24 जनवरी को उमरिया कॉलेज में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा निबंध प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया है 25 जनवरी को स्थानीय रानी दुर्गावती भवन पुराना बस स्टैंड में समापन किया जाना है जहां पूरे जिले के कार्यकर्ता एकत्रित होकर मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान के रूप में भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा अनुसूचित जाति मोर्चा के साथ सब मिलकर मनाएंगे एवं कार्यक्रम में विचार गोष्ठी एवं अनुसूचित जाति के बच्चों का और जो अनुसूचित जाति के लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा बैठक में जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल जी ने कहा की भाजपा संविधान का सम्मान करते चली आई है वहीं कांग्रेस संविधान के साथ खिलवाड़ की है बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार राजेंद्र तिवारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य धनुषधारी सिंह रामकिशोर चतुर्वेदी दीपक छतवानी राजेंद्र कोल विष्णु भारती सुमित गौतम सभी मंडल अध्यक्ष और जिले के कार्यकर्ता उपस्थित थे



### एसोसिएट कॉमर्स के द्वारा पसान क्षेत्र में बांटे कंबल

अनूपपुर। एसोसिएट कॉमर्स द्वारा पसान क्षेत्र में जरूरतमंदों को कॉमर्स कंपनी द्वारा कंबल बांटे गए। यह कंबल ठंड से बचने हेतु दीन दुखियों एवं जरूरतमंदों को भेंट किए गए ।कंबल उच्च क्वालिटी के कंबल जरूरतमंदों को बांटे गए। इतना ही नहीं यह कंपनी कई जरूरतमंदों को सामग्री दी है साथ ही इसके पूर्व भी बंट चुकी है

### बामसेफ का चलो ग्राम की ओर प्रशिक्षण संपन्न

# अब जल्द होगी त्रिस्तरीय परिवर्तन यात्रा

**दुलीचंद मार्को फतवा**

मंडला। बामसेफ और ऑफशूट संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण महाराजपुर संगम घाट स्थित आदिवासी धर्मशाला में मंगलवार 21 जनवरी को संपन्न हुआ। बामसेफ के जिला अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद झारिया ने बताया,कि संपूर्ण देश के साढ़े छः लाख ग्रामों तक परिवर्तन जन-जागरूकता चलाए जाने प्रशिक्षण कार्यक्रम देश के जगह-जगह और सभी स्तरों विकासखंड, जिला और प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे हैं।इसी सिलसिले में मंडला जिले में गठित बामसेफ के ऑफशूट संगठनों का चलो ग्राम की ओर अभियान को लेकर प्रशिक्षण संपन्न हुआ ?जिसकी अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी आदित्य चौरे ने किया। जिन्होंने बामसेफ और ऑफशूट संगठनों के उद्देश्य के साथ विश्व के विशाल लोकतांत्रिक देश भारत की सत्ता में परिवर्तन लाने चलाई जा रही गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। आपने आगे बताया है,कि देश के बत्तीस राज्य,छः सौ उन्यासी जिले,साढ़े चार हजार तहसील,बाईस हजार ब्लाक और ढाई लाख गावों तक बामसेफ की लोकतांत्रिक विचारधारा पहुंच चुकी है। जिनमें करोड़ों लोग परिवर्तन की विचारधारा से जुड़े रहे हैं।

भारत मुक्ति मोर्चा से जिला अध्यक्ष राम सिंह पंद्रो,सचिव दशरथ धुर्वे,राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा से कुंज बिहारी पटैल, बेरोजगार युवा मोर्चा डॉ.साहू,किसान मोर्चा बिंदी हरदहा,राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद से अकल सिंह धुर्वे,गोंडवाना समग्र क्रांति आंदोलन से गुलजार सिंह मसराम,भारत मुक्ति मोर्चा महिला मोर्चा से कलिया बाई कोकड़िया ने बताया ,कि इस एक दिवसीय प्रशिक्षण के बाद जगह-जगह और गांव-गांव पहुंचकर संविधान प्रदत्त अधिकारों से वंचित होते जा रहे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति,अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग को एकजुट किया जाएगा? ।जिससे के जल्द ही होने जा रहे परिवर्तन यात्रा को सफल बनाया जा सके। कुशल मंच





संचालन बामसेफ जिला अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद झारिया ने किया। कार्यक्रम के उद्घाटक राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग से कुंज बिहारी पटैल,भारत मुक्ति मोर्चा से पी.डी.खैरवा एवं मेहरा समाज संघ से बसंत झारिया एवं इस विचारधारा को लेकर जन-जन तक पहुंचाने की इस मुहिम से जुड़े

मुख्य अतिथि अशोक नामदेव,हलधर प्रसाद झरिया,आर.एस.परते, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा से असलम नूरी, अब्दुल कय्यूम अंसारी,श्याम लाल झरिया,सहजान सिंह परस्ते ने अपनी बात संक्षिप्त में रखी।

दशरथ सिंह परते,सुखिया बाई पंद्रो, ललिता मरावी सहित जिले भर से शोषित समुदाय का नेतृत्व करने वाले लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### फूड कलस्टर के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश

श्योपुर। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि फूड कलस्टर के लिए भूमि चिन्हांकन करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उन्होने कहा कि श्योपुर जिला कृषि प्रधान जिला है, यहां कृषि आधारित उद्योगों की बेहतर संभावना है। जिले में उद्योगों की स्थापना के लिए औद्योगिक वातावरण तैयार किया जायें तथा उद्यमियों को जिले में उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जायें। उन्होने कहा कि बैंकर्स का समूह बनाकर वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जायें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री अरविन्द कुमार महेश्वरी, सहायक प्रबंधक श्री नवल किशोर जाटव, माईनिंग इस्पेक्टर श्री अभिषेक पटले, श्रम निरीक्षक सुश्री लकी शिवहरे, विधुत वितरण कंपनी के प्रबंधक श्री एके सिंह सहित अन्य विभागो के अधिकारी तथा जिले के उद्यमी उपस्थित थे।कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि शहर से सटे ग्राम बगवाज में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए 7 हेक्टयर भूमि आवंटित की गई है, इस क्षेत्र को 18 करोड रूपये की लागत से विकसित किया जायेगा। इस औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 24 औद्योगिक यूनिट लगाये जाने का ले-आउट जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा तैयार किया गया है। इसी प्रकार पच्चीपुरा में भी औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि का आवंटन किया गया है। उन्होने बताया कि वीरपुर तहसील अंतर्गत 492 हेक्टयर भूमि बडे उद्योगों के लिए एमपीआईडीसी को आवंटित की गई है।

उन्होने जीएमडीआईसी को निर्देश दिये कि ऐसे 100 उद्यमियों की सूची तैयार की जाये जो औद्योगिक इकाईयों की स्थापना एवं उद्योग क्षेत्र में निवेश के इच्छुक है तथा किस प्रकार की इंडस्ट्रीज लगाना चाहते है। उद्योगों के संबंध में प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्राप्त की जाये तथा उद्योग लगाने के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की जायें। उन्होने निर्देश दिये कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कार्यालय में हेल्पडेस्क तथा सूचना केन्द्र स्थापित किये जायें।

## तनाव कम कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने आयोजित हुआ पाली नगरीय क्षेत्र में आनन्द उत्सव

**श्याम गुप्ता बिरसिंहपुर पाली उमरिया**

उमरिया बिरसिंहपुर पाली मेंनगर पालिका के तत्वाधान में अध्यात्म विभाग आनंद संस्थान के निर्देशानुसार परंपरागत खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आज दिनांक 23/1/2025 को पाली के कालरी ग्राउंड पर आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम की शुरुआत माननीय अध्यक्ष सुश्री शुकुन्तला प्रधान एवं जनप्रतिनिधीयो द्वारा मां बिरासिनी के तैलीय चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एव माल्यार्पण कर की गई । कार्यक्रम मे परंपरा गत खेल जैसे ,100 द्व रेस , खो खो , कुर्सी रेस, रस्सा कशी,आदि में स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

उत्सव में आए हुए अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं विशेष रुचि दिखाई। दूसरे



सत्र में स्थानीय महिलाओं ने मेंहदी, रंगोली, में सहभागिता दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण म्यूजिकल चेयर रहा जिसमें जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आभार कार्यक्रम नोडल विपिन कुमार विश्वकर्मा द्वारा किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सुख समृद्धि एवं स्वस्थ रहने के लिए आनंद उत्सव जैसे कार्यक्रम होना आवश्यक है।।आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप माननीय सुश्री शकुंतला प्रधान उपाध्यक्ष राजेश पटेल ,वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद घनश्याम कुशवाहा वार्ड 10 के पार्षद भरत प्रजापति वार्ड 12 की पार्षद श्रीमती अंजू पटेल वार्ड 1 के पार्षद श्रीमती सोना सिंह ब्रांड एंबेसडर रवि प्रेम चांदनी, पत्रकार मनु उपाध्याय प्रेम गुप्ता ,शंभू सोनी है।

## कमिश्नर ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने शहडोल,अनूपपुर एवं उमरिया जिले में लंबित समयावधि पत्रों के निराकरण की समीक्षा की तथा निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की समयावधि पत्रों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरते। उन्होंने कहा कि समयावधि पत्रों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि किसी भी स्थिति में समयावधि पत्रों की पुनरावृति नहीं होनी चाहिए । कार्यालय से प्रेषित समयावधि पत्र का प्राथमिकता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करें।उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि समयावधि पत्रों का निराकरण नहीं होने एवं पुनरावृति होने पर संबंधित विभाग के जवाबदेह अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों को गंभीरता से लें तथा प्रकरण का निराकरण कर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया श्री अभय सिंह ओहरिया, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडे, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन प्रहार में कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई

### अवैध नशीली कोडीनयुक्त कफ सीरप की बड़ी खेप जप्त

अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान द्वारा अनूपपुर जिले में नशे में प्रयुक्त होने वाले कोडीनयुक्त कफ सीरप की तस्करी एवं अवैध व्यापार में लगे अपराधियों की पतासाजी कराई गई एवं एस.पी. महोदय द्वारा एकत्र की गई सूचनाओं के आधार पर बुधवार की रात्रि में कोतवाली पुलिस द्वारा दो अलग-अलग मामलों में अवैध नशीली कोडीनयुक्त कफ सीरप की बड़ी खेप जप्त की गई, जिसमें 151 नग कफ सीरप शीशी कीमती 75, 500 रूपये, बोलेरो गाड़ी एवं 61,000 रुपए नगद के साथ 04 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।



कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा बुधवार की देर रात करीब 01ः30 बजे सामतपुर हर्री रोड पर पंप हाउस के पास संतोष राठौर पिता पंची राठौर उम्र करीब 44 साल निवासी वार्ड नंबर 01 सामतपुर अनूपपुर अपनी पत्नी उमावती राठौर ( उम्र 44 साल) के साथ एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में 33 नग शीशी जिसमें प्रत्येक शीशी 100 स्रू अवैध मादक पदार्थ कोडीनयुक्त विसेरेक्स कप सीरप का लेबल लगा हुआ कीमती 16500 रुपए जप्त की गई। उक्त आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 31/24 धारा 8 बी, 21,22 नारकोटिक ड्रग्स एण्ड साइक्रोटोपिक सब्सटानसिस एक्ट तथा 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल एक्ट पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार किया गया। नशे में प्रयुक्त होने वाली उक्त कोडिन युक्त कफ सिरप को बेचने वाले आरोपियों से पूछताछ के आधार पर रात में ही पुलिस द्वारा नशे के तस्करों की घेराबंदी एवं तलाश की गई जो देर रात करीब 02ः00 बजे मानपुर तिराहा पर सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी स्क्र 18 ज्ञ 3743 को रोक कर चेक करने पर उमाशंकर पांडे पिता स्वर्गीय रामाधार पांडे उम्र करीब 55 साल निवासी ग्राम बिजोड़ी अनूपपुर एवं राहुल पांडे पिता उमाशंकर पांडे उम्र करीब 33 साल निवासी ग्राम बिजोड़ी अनूपपुर के कब्जे से ?400000 कीमती बोलेरो वाहन जप्त किया ।



## गणतंत्र दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व वीर नारियाँ होंगी सम्मानित

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को सुबह 9 बजे एसएएफ परेड मैदान में भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों,शहीदों की वीर नारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का विशेष रूप से सम्मान किया जाएगा।जिला पंचायत सीईओं एवं अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समारोह के लिए सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों,सैन्य अधिकारियों और लोकतंत्र के प्रहरियों को एसडीएम के माध्यम से सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा,जो वरिष्ठ नागरिक अधिक आयु या स्वास्थ्य समस्याओं के कारण समारोह में सम्मिलित नहीं हो सकते,उन्हें उनके घर जाकर शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।





## कार्यालय नगरपालिका परिषद्, मण्डला

Tele-07642-250705

E-mail-cmomandla@mpurban.gov.in Web site-Nagarpalikamandla.mp-np.in

**आओ मण्डला स्वच्छ बनायें।**

**नगर वासियों को 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाए**

(विनोद कुमार कछवाहा)
अध्यक्ष

(अखिलेश कछवाहा)
उपाध्यक्ष

(गजानन नाफडे)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी

*सदस्य प्रेसीडेंट इन कांउसिल सुश्री ज्योति मलिक, श्रीमती वंदना कछवाहा, श्री जितेन्द्र बर्वे श्री सुधीर मिश्रा, श्रीमती प्रीति राय, श्रीमती प्रतिभा साहू, श्री दिलीप नंदा सुश्री पूर्णिमा धुर्वे, श्री मो.गनी*

*सदस्य अपील समिति*

*श्री अनिल दुबे, श्री ब्रजेश जसवानी, श्रीमती मनीषा तिवारी, श्रीमती ज्योति चौरसिया, श्रीमती माया गुप्ता, श्रीमती अनीता चौधरी, श्रीमती कामिनी चौधरी, श्रीमती सुलक्षणों मर्सकोले, श्री विनय गुलशन वरदानी, श्री नरेश सिंधिया, श्रीमती ज्योति बाजपेयी, श्रीमती आशा गर्सकोले, श्री रामजी गायक, पार्षद गण न.पा.परिषद् मण्डला।*























स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. ने 19 जिंसी जहांगीराचाद, भोपाल, मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। **संपादक**-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरवी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनुपपुर होगा। मो. 9893798715